पत्रांकः—के०वि०—80/2026

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

प्राचार्य,

1. मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इन्द्रानगर, गोई मिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा (कोड—ACBIDR20001)।
2. तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर कोड (कोड—ACEMMZ20001)।

पटना, दिनांक 07/02/2026

विषय : **दो वर्षीय डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025—27 (प्रथम वर्ष), परीक्षा वर्ष 2026 के पंजीकृत परीक्षार्थियों एवं पूर्ववर्ती परीक्षार्थियों यथा; सत्र 2022—24 के द्वितीय वर्ष, सत्र 2023—25 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, सत्र 2024—26 के प्रथम वर्ष से संबंधित अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों तथा सत्र 2025—27 के प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशक, शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक—42 दिनांक 29.01.2020 द्वारा तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर एवं पत्रांक—53 दिनांक 06.03.2021 द्वारा मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इन्द्रानगर, गोई मिश्रलगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा को सत्र 2020—22 से एक यूनिट (50) प्रशिक्षणार्थी को दो वर्षीय डी०पी०एड० कोर्स संचालन हेतु संबद्धता प्रदान की गई है। साथ ही निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण के पत्रांक 312 दिनांक 31.05.2022 के आलोक में सत्र 2022—24 से पूर्व के सत्रों की परीक्षा एन॰सी॰टी॰ई॰ द्वारा निर्धारित डी०पी०एड० पाठ्यक्रम के आधार पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को परीक्षा आयोजित करने पर सहमति प्रदान की गयी है।

**2.** उक्त पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025—27 के नियमानुसार सूचीकृत विद्यार्थियों का पंजीयन कार्ड समिति के वेबसाइट https://dped.biharboardonline.org/ पर **दिनांक 09.02.2026** से अपलोड रहेगा।

**3.** साथ ही उक्त वेबसाइट पर डी०पी०एड० पाठ्यक्रम परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड किया गया हैं, जो निम्नवत् हैः—

i. सत्र 2022—24 के द्वितीय वर्ष के अनुतीर्ण पूर्ववर्ती विद्यार्थी का
ii. सत्र 2023—25 के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के अनुतीर्ण पूर्ववर्ती विद्यार्थी का
iii. सत्र 2024—26 के प्रथम वर्ष के अनुतीर्ण विद्यार्थी का
iv. सत्र 2024—26 के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी का
v. सत्र 2025—27 के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी का

**4.** संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य, समिति स्तर से उन्हें पूर्व में भेजे गए User Id एवं Password का उपयोग कर, अपने महाविद्यालय के सत्र 2025—27 के सूचीकृत विद्यार्थियों का पंजीयन कार्ड डाउनलोड कर संबंधित विद्यार्थी को उपलब्ध कराएँगे। साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर लेंगे तथा उपर्युक्त कंडिका—3 के अनुसार अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उपलब्ध करायेंगे और उनके द्वारा भरा हुआ परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑफलाइन मोड में महाविद्यालय में संधारित कर लेंगे।

**5.** **दिनांक 09.02.2026 से 18.02.2026 तक की अवधि में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में** :— विद्यार्थियों द्वारा भरे गए

परीक्षा आवेदन का महाविद्यालीय अभिलेख एवं मूल पंजीयन कार्ड से जाँचोपरांत एकरूपता की स्थिति में अभिलेख के आधार पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा User Id एवं Password का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाइट पर **दिनांक 09.02.2026 से 18.02.2026 तक** की अवधि में ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन जमा किया जाएगा। शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु यह आवश्यक है कि दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा नियमानुसार उक्त सत्र के सूचीकृत विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने के संबंध में अग्रलिखित कंडिकाओं में अंकित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ताकि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन एवं शुल्क ससमय सुगमता से भरा जा सके।

**5.1** परीक्षा आवेदन विलंब शुल्क के साथ **दिनांक 19.02.2026 से 22.02.2026 तक** की अवधि में भरा जा सकेगा।

**6.** प्रशिक्षण सत्र 2023–25 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा प्रशिक्षण सत्र 2024–26 के प्रथम वर्ष में अनुतीर्ण/अनुपस्थित विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश :–

i. प्रयोगिक एवं आंतरिक मूल्यांकन के किसी भी विषय में अनुपस्थित होने की स्थिति में संबंधित विद्यार्थी को सभी विषयों सैद्धांतिक+आतंरिक+प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

ii. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की सैद्धांतिक विषयों में से किसी दो विषयों में अनुतीर्ण होने की स्थिति में विद्यार्थी उक्त असफल विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

**7.** सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष एवं सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष की निम्नांकित बाह्य विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी :–

| **प्रथम वर्ष सत्र 2025–27** | | **द्वितीय वर्ष 2024–26** | |
|---|---|---|---|
| DPET-101 | Principles and History of Physical Education | DPET-201 | Sports Training |
| DPET-102 | Basics of physical education | DPET-202 | Child Psychology and Sociology |
| DPET-103 | Body structure and Physiology | DPET-203 | Information Technology in Physcial Education |
| DPET-104 | Entertainment and Value Education | DPET-204 | Youth Leadership & Social Welfare |
| DPET-105 | Yoga Education | DPET-205 | Sports injuries and Rehabilitation |
| DPET-106 | Health Education and Environmental Studies | DPET-206 | Organisation and Administration of Physical Education |
| DPET-107 | Teaching Methods of Physical Education | DPET-207 | Test and Measurement in Physical Education |
| DPET-108 | Adapted Physical Education and Corrective Exercises | DPET-208 | Nutrition and Naturopathy |

**8. द्विवर्षीय डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) परीक्षा वर्ष, 2026 के विद्यार्थी के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है**

| **मद** | **प्रथम वर्ष के लिये प्रति छात्र/छात्रा शुल्क** | **द्वितीय वर्ष के लिये प्रति छात्र/छात्रा शुल्क** |
|---|---|---|
| • ऑनलाइन परीक्षा आवेदन शुल्क | 400/– | 400/– |
| • परीक्षा शुल्क | 100/– | 100/– |
| • विविध शुल्क | 2000/– | 2000/– |
| • प्राप्तांक फीस/अंक पत्र शुल्क | 500/– | 500/– |
| • औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क | ———— | 200/– |
| **कुल** | **3000/–** | **3200/–** |

**नोट : विलम्ब शुल्क 175/– रूपये प्रति परीक्षार्थी देय है।**

9. **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु वेबसाइट पर लॉग–इन के संबंध में:–** आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य स्वयं समिति द्वारा पूर्व से उपलब्ध कराए गए User ID एवं Password के माध्यम से समिति के वेबसाइट https://dped.biharboardonline.org/ पर लॉग–इन करेंगे।

10. **परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के संबंध में :–** लॉग–इन के उपरान्त महाविद्यालय के पेज पर दाहिने भाग में (i) सत्र 2022–24 के द्वितीय वर्ष (ii) सत्र 2023–25 के प्रथम वर्ष (First Year) /द्वितीय वर्ष (Second Year) (iii) 2024–26 के प्रथम वर्ष (First Year) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं द्वितीय वर्ष (Second Year) तथा (iv) सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष (First Year) की परीक्षा 2026 का लिंक उपलब्ध रहेगा। लिंक पर क्लिक करने पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिखेगा, जिसे विद्यार्थियों की महाविद्यालय में उपलब्ध विवरणी सुसंगत अभिलेखों से जाँच एवं मिलान कर परीक्षा आवेदन पत्र भरने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

11. **विद्यार्थी के मो॰ नं॰, ई–मेल आई॰डी॰ एवं आधार नं॰ भरने के संबंध में:–** ऑनलाइन आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नं॰, ई–मेल आई॰डी॰ एवं आधार नं॰ भरा जाना है। सभी विद्यार्थी द्वारा मोबाईल नं॰ एवं ई–मेल आई॰डी॰ भरा जायेगा, जिससे उन्हें समय–समय पर परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी उनके मो॰ नं॰ एवं ई–मेल आई॰डी॰ पर मिलती रहेगी।

12. **विद्यार्थी के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में :–**जिन विद्यार्थियों का दो वर्षीय **D.P.Ed.** पाठ्यक्रम के **1st Year** एवं **2nd Year Examination, 2026** में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साइज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

   **i. फोटो का साईज एवं प्रकार :–**

   Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो।(40–50 KBके बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।
   Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm (approx. 60 % to 70%)
   Background :- Plain White or Light Green

   **ii. हस्ताक्षर का साइज एवं प्रकार :–**

   स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट(3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

13. **विद्यार्थियों से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन :–** उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र में भरा गया विद्यार्थी का विवरण, अपलोड किए गए फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के साथ पूरा परीक्षा आवेदन पत्र दिखेगा, जिसकी जाँच करने एवं महाविद्यालय अभिलेखों से मिलान करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाएगा। भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र के सभी विवरणियों को सही–सही भरे जाने की पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

14. **परीक्षा शुल्क के भुगतान के संबंध में:–** परीक्षा शुल्क का भुगतान **डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/RTGS/NEFT** के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा शुल्क ऑनलाइन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लें। खाता से राशि की निकासी के पश्चात समिति के खाता में शुल्क नहीं जमा होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

15. उपरोक्त के अनुसार डी॰पी॰एड॰ पाठ्यक्रम परीक्षा वर्ष 2026 में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से अनिवार्य रूप से निर्धारित समय तक सम्पर्क स्थापित कर अपना परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कराएँगे। महाविद्यालय के प्राचार्य समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये User ID एवं Password के माध्यम से निर्धारित अवधि में अचूक रूप से संबंधित विद्यार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

16. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर **हेल्प लाइन नं॰– 9430429722** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **E-mail ID–bseb@antiersolutions.com** पर

मेल से सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

17. सूचीकृत तथा शुल्क सहित ससमय ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरे गए विद्यार्थियों की परीक्षा का कार्यक्रम शीघ्र ही संसूचित किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र विद्यार्थियों का मूल प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट पर ससमय अपलोड कर इसकी सूचना भी अलग से दी जाएगी। दोनों प्राचार्य कृपया अपने स्तर से सभी विद्यार्थियों को यह परामर्शित करेंगे कि वे प्रवेश पत्र निर्गमण संबंधी/परीक्षा संबंधी तथा अन्य जानकारी के लिये सतत् महाविद्यालय के संपर्क में रहेंगे और समिति के वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे। प्रवेश पत्र निर्गमण हेतु अथवा परीक्षा कार्यक्रम अथवा अन्य जानकारी हेतु अलग से विज्ञप्ति प्रसारित नहीं की जाएगी।

अतः उक्त के आलोक में सभी संबंधितों से अनुरोध है कि परीक्षा आवेदन ससमय भरने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डी.पी.एड. पाठ्यक्रम परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों के प्रशिक्षुओं का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने एवं निर्धारित शुल्क जमा किये जाने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

07/2/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के०वि०....80......../2026 पटना, दिनांक : ..07../..02../2026

प्रतिलिपि : **प्रोजेक्ट मैनेजर,** M/s Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. ई०डी०पी० मैनेजर/सहायक प्रोग्रामर, आई०टी० बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07/2/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

07/2/26

c:\users\user\downloads\principal letter for dped 2026.doc4